# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

## ( केन्द्रीय विश्वविद्यालय )

## नई दिल्ली-११००१६

क्रमांक:- एफ3/ल.ब.शा./2021-22/151    दिनांक :- 8.06.2021

## कार्यालय आदेश

शैक्षणिक नियम परिचायिका में प्रदत्त उपस्थिति नियमों के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2021-22 में सभी पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों को निर्धारित उपस्थिति प्रतिशत प्राप्त करना अनिवार्य है। कोविड-19 महामारी संक्रमण से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण समस्त कक्षाओं का अध्ययन-अध्यापन ऑनलाइन माध्यम से सम्बन्धित विभागों द्वारा किया जा रहा है। नियमों के अनुपालन में पीठम् प्रमुखों एवं विभागाध्यक्षों की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार समस्त विभाग अपने-अपने विभाग में अध्यनरत छात्रों की कक्षाएं ऑनलाइन माध्यम से विभागीय समय-सारिणी अनुसार संचालित करें तथा कक्षाओं की प्रगति रिपोर्ट तथा छात्रों की उपस्थिति के साथ प्रत्येक माह के अन्त में अपने पीठम् प्रमुख के माध्यम से शैक्षणिक विभाग को प्रेषित करवाएगें। प्राय: यह पाया गया है कि सम्बन्धित विभागों द्वारा वांछित सूचना निर्धारित समयावधि में शैक्षणिक विभाग को उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है जिसके कारण छात्रों का उपस्थिति विवरण तैयार करने में असुविधा उत्पन्न होती है। इस सम्बन्ध में सभी विभागाध्यक्षों को सूचित किया जाता है कि जिन अध्यापकों द्वारा अभी तक अपने विभाग से सम्बन्धित छात्रों की उपस्थिति शैक्षणिक विभाग को उपलब्ध नहीं करवाई गई वह 03 दिन के भीतर वांछित उपस्थिति शैक्षणिक विभाग को उपलब्ध करवाने का कष्ट करें। निर्धारित समयावधि में वांछित सूचना उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सम्बन्धित विभाग स्वयं उत्तरदायी होगा।

**सहायक कुलसचिव ( शैक्षणिक )**

**प्रतिलिपि:-**

1. समस्त पीठम् प्रमुख एवं विभागाध्यक्षों को इस आशय से प्रेषित कि वह अपने विभाग के अध्यापकों को विभाग में पंजिकृत छात्रों की उपस्थिति विवरण उपलब्ध करवाने के सम्बन्ध में उचित निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें।
2. उपकुलसचिव (परीक्षा एवं शैक्षणिक)
3. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि वह उक्त सूचना को वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. कुलपति एवं कुलसचिव के निजी सचिव

**सहायक कुलसचिव ( शैक्षणिक )**